दिल्ली के स्कूलों में टेकनिकल अध्यापक

१५५६. { श्री नवल प्रभाकर :
श्री भक्त दर्शन :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अब भी टेकनिकल (विज्ञान, गणित आदि के) अध्यापकों की कमी है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही कर रही है ?

शिक्षा मंत्री (डा० कालूलाल श्रीमाली) : (क) हां, लड़कियों के हाई स्कूलों या उच्च माध्यमिक स्कूलों में कुछ कमी है ।

(ख) इन अध्यापकों की नियुक्ति की शर्तों में कुछ उदारता बरतने और योग्यतानुसार उपयुक्त लोगों को अग्रिम तरक्की देने के प्रश्न पर विचार करने का प्रस्ताव है ।

दिल्ली के स्कूलों में दो पालियां

१५५७. { श्री नवल प्रभाकर :
श्री भक्त दर्शन :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के अधिकांश स्कूलों में दो पालियों के कारण पढ़ाई ठीक ढंग से नहीं हो पाती ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करना चाहती है ?

शिक्षा मंत्री (डा० कालूलाल श्रीमाली) : (क) और (ख). वर्तमान स्थिति को आदर्श तो नहीं कहा जा सकता, परन्तु दो पारियों को बन्द करने का फल यह होगा कि बहुत से बच्चे स्कूल की पढ़ाई से वंचित रह जायेंगे ।

दो पारियों की समस्या अधिकतर सरकारी स्कूलों में ही है जहां एक ही इमारत में प्रातः और सायं दो अलग अलग स्कूल चलते हैं । इस समस्या का हल तभी होगा जबकि इन स्कूलों को चलाने के लिये स्कूल की पर्याप्त इमारतें उपलब्ध हों । शिक्षा निदेशालय नई इमारतें बनाने का एक क्रमिक कार्यक्रम पहले ही बना चुका है जिस का कार्यान्वित होना अधिकतर आवश्यक निधि और उपयुक्त जगह मिलने पर निर्भर है ।

सहायता प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों की समस्या थोड़ी सी भिन्न है । उन में छात्रों की संख्या अधिक होने के कारण उन के विभिन्न विभाग विभिन्न पारियों में चलते हैं । साधारणतया उन की प्राथमिक और मिडिल विभाग की कक्षायें सवेरे की पारी में चलती हैं और हाई स्कूल कक्षायें दूसरी पारी में । उन की समस्या तो कमरों की संख्या की है । यदि यह समस्या हल हो जाये तो दोनों ही विभाग एक ही पारी में इकट्ठे चल सकेंगे । आशा है कि निदेशालय और दिल्ली नगर निगम के अधिक नये स्कूल खुल जाने से ऐसे स्कूलों में होने वाली भीड़ धीरे-धीरे कम हो जायेगी ।

किश्तवाड़, जिला डोडा (जम्मू और काश्मीर) की भूमि का अर्जन

१५५८. **श्रीमती कृष्णा मेहता** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किश्तवाड, जिला डोडा (जम्मू और काश्मीर) के किसानों को, जिन की भूमि १९४७ में केन्द्रीय सरकार की ओर से अर्जित की गई थी, अभी तक कोई प्रतिकर नहीं दिया गया है ;

(ख) इतने लम्बे समय के बाद भी कोई प्रतिकर न देने के क्या कारण हैं ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है और उन को

किस सम्भावित अवधि तक प्रतिकर मिल जायेगा ?

रक्षा उपमंत्री (सरदार मजीठिया) : (क) से (ग). भारत सरकार को कोई जानकारी नहीं है कि १९४७ में (जम्मू काश्मीर के) किश्तवाड़, जिला डोडा में, प्रतिरक्षा-उद्देश्यों के लिये कोई भूमि ली गई थी। फिर भी स्थानीय अधिकारियों से पूछ-ताछ की जा रही है, और यदि इस मामले में कुछ सूचना प्राप्त हुई, तो वह लोक सभा के पटल पर रख दी जायेगी।

Untouchability

1559. Shri Daljit Singh: Will the Minister of Home Affairs be pleased to state:

(a) the number of persons prosecuted in Punjab under the Untouchability Act during 1958-59 so far; and

(b) the number of persons convicted in these cases?

The Minister of Home Affairs (Pandit G. B. Pant): (a) and (b). The information is being obtained from the Government of Punjab and will be laid on the Table of the House when received.

दिल्ली की अनुसूचित जातियों को कानूनी सहायता

१५६०. { **श्री नवल प्रभाकर :**
श्री भक्त दर्शन :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में १९५८-५९ में अनुसूचित जाति के कितने लोगों को कानूनी सहायता दी गई ;

(ख) उन्हें दी गई आर्थिक सहायता का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यह आर्थिक सहायता किस प्रकार के मुकदमों में दी जाती है ?

गृह-कार्य उपमंत्री (श्रीमती आल्वा) : (क) १९५८-५९ के दौरान में अभी तक १५ ऐसे आवेदन-पत्र दिल्ली प्रशासन के पास आ चुके हैं और वहां इन पर विचार हो रहा है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) आर्थिक सहायता ऐसे ग़रीब हरिजनों को दी जाती है जो बेदखल किये जाने या सताये जाने की वजह से मुकदमेबाजी में फंस जाते हैं।

Purchase of Aircrafts

1561. { **Shri Sugandhi:**
Shri U. C. Patnaik:

Will the Minister of Defence be pleased to state:

(a) the types of aircrafts India has purchased from abroad for the Indian Air Force in 1956, 1957 and 1958 so far; and

(b) the cost of aircraft of each type purchased?

The Deputy Minister of Defence Sardar Majithia): (a) Mystere, Gnat, Bell Helicopters, Harvard, Canberra, Vampire, Auster, Otter and Hunter.

(b) It is not in the public interest to give out the details.

Indian Students Abroad

1562. { **Shri B. C. Prodhan:**
Shri Ganapathi Ram:
Shri Kumbar:

Will the Minister of Education be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 106 on the 19th November, 1958, and state:

(a) the number of students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes who have been granted Government of India scholarships for higher studies in foreign countries during 1957-58 and 1958-59 so far (country-wise); and

(b) how much help they are getting from the Government per year?